# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 13.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)

केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नकली और घटिया उर्वरकों की आपूर्ति पर तत्काल कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को इस बारे में एक पत्र लिखा है।

कृषि मंत्री ने कहा कि उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्यों का दायित्व है। श्री चौहान ने राज्यों से दोषियों का लाइसेंस रद्द कर प्राथमिकी दर्ज करने को भी कहा है।

******************

आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने बताया कि वर्ष 2018 में शुरु किए गए डिजिटल प्लेटफार्म आयुष ग्रिड एक महत्वपूर्ण पहल है। इस ग्रिड के साथ सही, नमस्ते और आयुष अनुसंधान पोर्टल जुड़े हुए हैं।

******************

झारखंड के दो शहर जमशेदपुर और बुंडू स्वच्छता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किये जायेंगे। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 का परिणाम 17 जुलाई को नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में घोषित होगा। जिसमें जमशेदपुर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और बुंडू को केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री के हाथों सम्मानित किया जायेगा। इसी दिन शहरों की स्वच्छता रैंकिंग भी जारी होगी।

******************

धनबाद के चिरागोड़ा स्थित जागृति मंदिर में चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत आज कलश यात्रा के साथ हुई। यह यात्रा मंदिर प्रांगण से निकलकर हीरापुर होते हुए पम्पू तालाब तक गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। सावन की पहली सोमवारी यानी कल देव पूजन, रुद्राभिषेक और सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा, जबकि 15 जुलाई को चंडी पाठ, हवन और रात्रि में जागरण होगा। 16 जुलाई को भंडारे के साथ अनुष्ठान का समापन होगा।

******************

रामगढ़ जिले में मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव एवं दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

******************

डालटनगंज के बेलवाटिका चौक स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में कल रात एक चोरी का प्रयास स्थानीय लोगों की सतर्कता से विफल हो गया। रात करीब 12 बजे चोर गैस कटर और सिलेंडर लेकर बैंक का शटर काटने आया, लेकिन स्थानीय लोगों ने टीओपी–2 प्रभारी राकेश कुमार को इसकी सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही चोर फरार हो गया, जबकि घटनास्थल से गैस सिलेंडर, ऑक्सीजन सिलेंडर और गैस कटर बरामद हुए। राकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

******************

जामताड़ा जिले और आसपास के क्षेत्रों में पिछले पंद्रह दिनों से हो रही अच्छी बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। खेतों में धान की रोपाई का कार्य शुरू हो गया है और तालाबों में भी भरपूर पानी जमा हो चुका है। किसान सुबह होते ही हल–बैल लेकर खेतों की ओर निकल रहे हैं, जिससे कृषि कार्यों में तेजी आई है।

***********************

खूंटी के कुछ क्षेत्रों में बिजली चमकने और 30 से 40 किमी प्रति घंटा तेज हवा चलने की चेतावनी के साथ येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक बारिश 82 मिलीमीटर मणोहरपुर पीएचसी में दर्ज की गई जबकि सबसे अधिक तापमान 37 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस जमशेदपुर में दर्ज हुआ। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बंगाल की खाड़ी और उत्तर ओडिशा तट पर बने चक्रवाती परिसंचरण और संभावित निम्न दबाव क्षेत्र के असर से अगले कुछ दिनों में वर्षा की तीव्रता बढ़ सकती है।

***********************

राष्ट्रीय खेलों की चैंपियन नीरू ढांडा आज चौथे और अंतिम आईएसएसएफ विश्व कप शॉटगन के अंतिम दिन पहली बार विश्व कप फाइनल में पहुंचीं।

*********समाप्त**********